तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 एक दिन की हड़ताल से 22 फीसदी गिरा कोयला उत्पादन




## खबर संक्षेप

### आज जटराज प्रभावितों से मिलेंगे पूर्व मंत्री



**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल 12 जुलाई की दोपहर 3 बजे ग्राम जटराज बसाहट स्थल जाकर प्रभावितों से मुलाकात करेंगे और बसाहट में आने वाले समस्याओं की जानकारी लेकर एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराएंगे। शाम 4 बजे इमलीछापर पहुंचेंगे जहां वे उन 11 परिवार वालों से मुलाकात करेंगे, जिनका मकान पिछले माह एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा तोड़ दिया गया था। वर्तमान में 11 परिवार कहां और कैसे जीवकोपार्जन कर रहे हैं इसकी जानकारी लेंगे ।

### 40 कामगारों ने थामा एटक का दामन

**कोरबा।** बीते दिनों संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) एसईसीएल के केंद्रीय सचिव एवं कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कामरेड बी.एल. महंत (राजवीर) के नेतृत्व में एटक क्षेत्रीय कार्यालय विकासनगर में कुसमुण्डा परियोजना में कार्यरत कामरेड पवन कुमार, कामरेड अभय कुमार कश्यप, कामरेड उत्तरा कुमार, कामरेड दीपक लकड़ा, कामरेड विजय कुमार, कामरेड दरश राम, कामरेड रमेश, कामरेड हरिराम, कामरेड घनश्याम गौतम, कामरेड विनेश राही, कामरेड दुर्गेश सिंह, कामरेड भरत कुमार सिंह, कामरेड ओम श्रीवाश, कामरेड सहस, कामरेड गोपेश्वर, कामरेड बृजमोहन दिवाकर, कामरेड बलबीर सिंह, कामरेड बीरबल दास, कामरेड करन राठौर, कामरेड सुधीर कुमार, कामरेड ओमप्रकाश, कामरेड अजय कुमार, कामरेड हर्षवर्धन यादव, कामरेड राकेश यादव, कामरेड गोरेलाल, कामरेड रामायण प्रसाद, कामरेड नरेन्द्र कुमार, कामरेड सरफराज सहित लगभग 40 कामगार साथियों ने अन्य यूनियन को छोड़कर एटक यूनियन में प्रवेश किया। इस अवसर पर एसकेएमएस (एटक) के केंद्रीय सचिव एवं कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कामरेड बी.एल. महंत (राजवीर) ने सभी साथियों को पुष्प माला एवं गमछा पहनाकर तथा सदस्यता पत्रक भरकर यूनियन में प्रवेश कराया गया।

### शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए कटघोरा विधायक

**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा के गेवरा बस्ती बरपाली में ज्ञान मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं भाजपा नेता विकेश झा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि वर्षा के बीच इस प्रकार के आयोजन की व्यवस्था करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसके लिए विद्यालय परिवार का पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों की रुचि आधारित और कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। भाजपा नेता विकेश झा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि द्वारा स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री व शिक्षकों को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया। इस दौरान सुखदीप सिंह, सुनीता पटले, गुरदीप सिंह, नागेंद्र सिंह, राजेश पटेल, प्राचार्य चिंतामणि कौशिक, रामेश्वर सोनी उपस्थित थे।

### स्कूल गेट के पास फंसा मालवाहक

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी के पास स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के गेट के पास शुक्रवार की सुबह एक मालवाहक फंस गया। घटना का सुखद पहलू रहा कि बाउंड्रीवाल नहीं टूटी और न ही कोई जनहानि हुई। जानकारी के अनुसार मानिकपुर से मालवाहक आ रहा था तभी स्कूल के पास चालक हड़बड़ा गया और गाड़ी यहां पर फंस गई।

# विडंबना : आपदा से निपटने जिला मुख्यालय पर ही निर्भर है ब्लॉक मुख्यालय

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में बाढ़ से निपटने के लिए ब्लॉक मुख्यालय में आपदा प्रबंधन जैसी सुविधा नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय से ही बाढ़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थाएं संचालित होती है। जलभराव और बाढ़ की सूचना देने के लिए ग्रामीण अधिकांशतः जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों को खोजते हैं जहां के बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कोई कर्मचारी भी नहीं मिलता।

जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पाली ब्लॉक की पहचान पिछले दो वर्षों से तेजी से बनी है लगातार दो वर्षों से क्षेत्र के लोग जलभराव और बाढ़ का सामना कर रहे हैं। जहां की व्यवस्थाएं ब्लॉक मुख्यालय के बजाए जिला मुख्यालय के द्वारा ही संचालित हो रही है। ब्लॉक मुख्यालय में आपदा प्रबंधन जैसे कोई दफ्तर भी संचालित नहीं है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं तो वहां किस कर्मचारी की तैनाती है इसकी जानकारी भी जनप्रतिनिधियों को नहीं है और न ही आम ग्रामीणों को। यही कारण है कि जब जब जल भराव और बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है कोई इसकी सूचना जिला मुख्यालय तक जरुर पहुंचती है। ब्लॉक मुख्यालय में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के परिणाम स्वरुप बाढ़ पीड़ितों तक सहायता भी जल्द नहीं पहुंच पाती। यहां तक की नगर पंचायत जैसे छोटे क्षेत्र में भी अधिकारियों के द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती। कुछ दिन पूर्व पाली नगर पंचायत में जो स्थितियां मंत्रियों के काफिले रोकने की निर्मित हुई वह कहीं न कहीं अधिकारियों के उदासिनता का परिणाम है।

### ग्रामीण अंचल के निचले इलाके बाढ़ से होते हैं प्रभावित

**खास बात**

- जनपदों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की भी नहीं है सुविधा, स्थानीय ग्रामीण खोजते हैं जिम्मेदार अधिकारियों को



### पुलिस के भरोसे रहती है सहायता

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जब जब लोग फंसते हैं तब तब पुलिस की सहायता उनके काम आती है। समीप के थाना के पुलिस कर्मी ऐसे क्षेत्रों में सूचना मिलते ही पहुंचते हैं। उनके द्वारा ही अपने स्तर पर रस्सी आदि की सुविधा लेकर बाढ़ प्रभावितों को निकाला जाता है। जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पाली सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है। जबकि अन्य विकासखंड में कोरबा ब्लॉक के पहाड़ी क्षेत्र हैं।इन दोनों क्षेत्रों के जनपद मुख्यालयों में बाढ़ पीड़ितों को सहायता पहुंचाने वाली सुविधा भी नहीं रहती है।

### ग्रामीणों की नाव है एक सहारा

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अक्सर ग्रामीण के द्वारा उपयोग की जाने वाली उनकी नाव ही सहारा रहती है। जिससे बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकाला जाता है। आमतौर पर जनपद स्तर पर ऐसे भी क्षेत्र चिन्हित नहीं है जहां ज्यादा बाढ़ आती है और प्रतिवर्ष इन क्षेत्रों के लोग बाढ़ जैसी आपदा झेलते हैं। जिससे बाढ़ आने के पूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए जा सके।

### चक्काजाम के तत्काल बाद बदला गया ट्रांसफार्मर

# गांव का ट्रांसफार्मर 4 दिन से था फेल, छाया था अंधेरा, ग्रामीणों ने एनएच पर किया चक्काजाम



चक्काजाम करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक गांव का ट्रांसफार्मर फेल हो गया था और 4 दिन बीत जाने के बाद भी उसे बदलने की कवायद नहीं की गई थी। फिर क्या था ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और ग्रामीण सीधे बिलासपुर कटघोरा हाईवे पर जा पहुंचे और चक्काजाम कर दिया। जिसकी वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई और जैसे ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को इसकी सूचना मिली पुलिस के अफसर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी तब जाकर मामला शांत हुआ और 1 घंटे बाद हाईवे की रफ्तार फिर से चालू हो सकी। वहीं कुछ देर बाद ही विद्युत वितरण विभाग ने फेल हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर गांव में विद्युत व्यवस्था को भी बहाल कर दिया है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर, रजकम्मा, कोई की है। बताया जाता है कि यहां गांव में विद्युत आपूर्ति करने के लिए 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। मंगलवार को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर भ्रष्ट हो गया था जिसे बदलने के लिए विद्युत वितरण विभाग ने कवायद की थी लेकिन सफलता नहीं मिली थी जिसके चलते पिछले 4 दिनों से गांव में अंधेरा छाया हुआ था और कई बार ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए गुहार भी लगाई थी लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई थी। जिसके चलते इस बारिश में गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और सांप बिच्छू का खतरा भी बन रहा रहा था। जब ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे गांव बड़ी संख्या में महिलाएं बिलासपुर कटघोरा हाईवे एनएच में जा धमकी और चक्काजाम कर दिया। फिर क्या था कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर तलब किया गया। लगभग 1 घंटे तक चक्काजाम रहा जिसके बाद प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और चक्काजाम होते ही विद्युत वितरण विभाग की टीम एक्शन में नजर आयी और तत्काल 100 केवी का ट्रांसफार्मर लेकर मौके पर पहुंचे और ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत व्यवस्था को पुनः बहाल किया गया।

### ट्रांसफार्मर के समीप भरा था पानी

विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार ने जानकारी देते हुए बताया कि रजकम्मा का ट्रांसफार्मर 100 केवीए का था जो मंगलवार को भ्रष्ट हुआ था। जिसे बदलने के लिए अगले दिन ही विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कवायद की थी और जिस स्थल पर ट्रांसफार्मर था उसके चारों तरफ पानी भरा हुआ था। उससे पानी की निकासी और मिट्टी फीलिंग के लिए विभाग ने प्रयास कर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा पर बात की थी लेकिन गांव में ही रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा इसका विरोध किया गया था। जिसके चलते स्थिति ऐसी निर्मित हुई थी। विभाग ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से तत्काल ट्रांसफार्मर को लगाकर विद्युत व्यवस्था को बहाल कर दिया गया है।

# युवती से अनाचार के मामले में आरोपी को 7 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ अनाचार के मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी सोनू विश्वकर्मा 40 वर्ष पिता स्वर्गीय रमेश विश्वकर्मा ने उसी मोहल्ले में निवास करने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण किया था और बाद में शादी से मुकर गया था। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सोनू विश्वकर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तथा अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले को माननीय न्यायालय एफटीसी कोरबा पीठासीन अधिकारी डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई न्यायालय में हुई और आरोपी सोनू विश्वकर्मा के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे न्यायालय ने 7 वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

### सब स्टेशन से एक लाख का कॉपर वायर चुराया

**कोरबा।** विद्युत वितरण कंपनी के कटघोरा डिविजन के अंतर्गत लाद कोरबी स्थित विद्युत सब स्टेशन से अज्ञात चोरों ने कॉपर वायर की चोरी कर ली है। जूनियर इंजीनियर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। कोरबी पुलिस ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कंपनी का सब स्टेशन है जहां पर यह घटना हुई। बताया गया कि स्टेशन के अंदर मौजूद ट्रांसफार्मर मैं प्रयुक्त होने वाले कॉपर वायर की काफी मात्रा की चोरी कर दी गई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई गई है। संबंधित सामग्री स्पेयर के रूप में रखी गई थी। मौके पर यह सामान गायब मिला। तब इस पर संज्ञान लेने के साथ पुलिस को अवगत कराया गया। इस घटना में कौन इंवॉल्व हो सकता है, पुलिस इसकी जांच कर रही हैं।

# फिर सामने आया पाली शिक्षाकर्मी भर्ती का पुराना मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्यापमं के द्वारा जनपद पंचायत पाली के लिए चयनित शिक्षाकर्मियों के निलंबन प्रक्रिया को फिर से बहाल करने की मांग करते हुए अभ्यर्थियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

- अभ्यर्थियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

व्यापम द्वारा 2009-10 में परीक्षा ली गई थी जिसमें पात्र अभ्यर्थियों को 2011 में नियुक्ति पत्र भी दिया गया था।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बजरंग दीवाकर, पुरुषोत्तम मरकाम सहित 17 निलंबित शिक्षाकर्मियों ने बताया कि व्यापम द्वारा वर्ष 2009-10 में शिक्षाकर्मी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी उसके तहत जनपद पंचायत पाली में शिक्षाकर्मी की भर्ती हेतु वर्ष 2011 में नियुक्ति कर चयन सूची जारी करते हुए 5 से 7 फरवरी तक काउंसिलंग कराई गई और 176 लोगों को नियुक्ति आदेश जारी किया गया तथा 126 लोगों को पदभार भी ग्रहण करा दिया गया। उसके पश्चात तत्कालीन कलेक्टर ने समस्त भर्ती प्रक्रिया को यह कहते हुए निलंबित कर दिया कि 126 पद के विरुद्ध 176 लोगों को नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है जिससे भर्ती प्रक्रिया दूषित हो गई है जो आज तक निलंबित है। कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध निलंबित शिक्षाकर्मियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें न्यायालय के द्वारा यह आदेश पारित किया गया कि कलेक्टर द्वारा आदेश पारित सही है लेकिन कोई चयन सूची उपलब्ध हो तो नियमों में छूट दिया जाता है लेकिन तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा चयन सूची उपलब्ध होने के बाद भी न कोई काउंसलिंग और न ही कोई भर्ती प्रकिया संपन्न कराई गई। वर्तमान में जनपद पंचायत पाली एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आरटीआई से समस्त दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं जिससे देखने से प्रतीत होता है कि तत्कालीन कलेक्टर द्वारा समस्त दस्तावेज होने के बाद भी कार्यवाही नहीं की गई। बार बार अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन दिया गया, इस पर न तो कोई निर्णय हुआ और न कोई आदेश पारित हुआ।

# बस के सामने आ गई बाइक, बचाने के चक्कर में पलटी बस, एक की मौत, एक दर्जन यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक यात्री बस सवारी लेकर जा रही थी कि बस के सामने अचानक एक बाइक आ गई जिससे बस चालक ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसके बाद भी बाइक चालक उसकी चपेट में आ गया और बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई और बस सड़क से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी को मामूली चोट आएगी आई है ज्यादातर लोग अपने-अपने घर पहुंच गए हैं।

**खास बात**

- दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पसान थाना क्षेत्र के पिपरिया सिर्री के बीच देर शाम हुआ हादसा
- घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया दाखिल

मामला जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पसान थाना क्षेत्र की है। पसान थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिपरिया से बस क्रमांक सीजी 10 एटी 6023 सवारी लेकर पेंड्रा के लिए रवाना हुई थी। देर शाम लगभग 6 बजे के आसपास बस पिपरिया से सिर्री के बीच पहुंची थी कि तेज रफ्तार बस के सामने से अचानक एक बाइक सवार आ गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई और बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए बस सीधे पलट गई। हादसे के होते ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। जबकि बस में सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पसान थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस सड़क हादसे में लगभग एक दर्जन लोगों को मामूली चोट आयी है जबकि एक युवक की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक देर शाम होने की वजह से मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेज दिया है।

### काविड़ियों की टोली भोले के जयकारों के साथ पहुंच रही जलाभिषेक करने

# घर के मंदिर से लेकर शिवालयों तक शुरु हुआ शिवभक्ति का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शुक्रवार से सावन महीना शुरु होते ही शिवभक्ति की अर्चना के पर्व की शुरुआत हो गई। घर के शिव मंदिरों से लेकर छोटे बड़े धार्मिक स्थलों के शिवालय तक शिवभक्ति का दौर शुरु हो गया है। जो अपने विभिन्न भक्ति रुपों में माहभर तक चलता रहेगा। कावड़ियों की टोली भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक करने शिवालयों की ओर सुबह होते ही निकल पड़ती है।

सावन के महीने में अंचल के प्रसिद्ध शिव मंदिर पाली शिव मंदिर से लेकर कनकेश्वरधाम सहित अन्य शिव मंदिरों में सावन पर्व पर शिव भक्ति का नजारा दिखेगा। जिसकी तैयारियां कावड़ियों के दल के द्वारा एवं मंदिर समिति के द्वारा की जाती है। पाली शिव मंदिर में अमरकंटक से भी जल लेकर शिव का जलाभिषेक लेकर पहुंचते हैं। इसी तरह हसदेव नदी से जल लेकर शिव भक्त कनकेश्वरधाम पहुंचते हैं। शिव भक्ति की पूजा अर्चना को लेकर अनेक विधि विधान शास्त्रों में बताए गए हैं उसके अनुसर शिव भक्त परंपरा का निर्वहन करते हैं पहला सोमवार 14 जुलाई को है इस दिन उपवास रखने की परंपरा है। इस दौरान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है और सोमवार का उपवास भी रखा जाता है. इससे देवों के देव महादेव प्रसन्न होते हैं। आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी होता है। इस साल सावन का पहला सोमवार व्रत कब रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर सावन का पहला सोमवार व्रत रखा जाएगा। इस तिथि की शुरुआत 14 जुलाई को देर रात 1:2 मिनट पर होगी और समापन 14 जुलाई देर रात 11:59 मिनट पर। 14 जुलाई को सावन सोमवार का पहला व्रत भी रखा जाएगा और इसी दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी भी है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:11 मिनट से 4:52 मिनट तक, विजय मुहूर्त दोपहर 2:45 मिनट से 3:40 मिनट तक, गोधूलि मुहूर्त शाम 7:20 मिनट से 7:40 मिनट तक, निशिता मुहूर्त रात्रि 12:07 मिनट से 12:48 मिनट तक रहेगा। पहले सावन सोमवार का व्रत आप महादेव के नामों का जप करने। इस दिन आप स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद बाद भगवान शिव को देसी घी का दीपक जलाकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन भगवान शिव को गंध, पुष्प, धूप, बेलपत्र, अक्षत आदि अर्पित किया जाता है फिर आप सावन सोमवार व्रत कथा का पाठ, इसके बाद आप शिव मंत्रों और शिव चालीसा का पाठ, साथ ही भोलेनाथ को फल और मिठाई का भोग भी लगाना चाहिए।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान एवं शहर अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि 13 जुलाई की शाम 4 बजे, जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक रखी गई है। बैठक में नितिन कुंभलकार सह सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रभारी पार्टी परिसम्पति मुख्य अतिथि होंगे । वहीं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित केरकट्टा, पुरूषोत्तम कंवर, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका आदि के पूर्व अध्यक्षगण, उपाध्यक्षगण सहित ब्लॉक, जोन, वार्ड कमेटी के अध्यक्षगण, कांग्रेस प्रकोष्ठ के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

## खबर संक्षेप

### 51 हजार अभ्यर्थियों को दिया जाएगा नियुक्ति पत्र आज

**बिलासपुर।** रेलवे में नियुक्ति के लिए 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण शनिवार को किया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई शनिवार को देश के 47 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में करीब 51 हजार से अधिक बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण करने के साथ उन्हें संबोधित भी करेंगे। बिलासपुर में यह रोजगार मेला शनिवार की सुबह 10 बजे रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

### नलकूप खनन पर लगी रोक हटाई गई

**बिलासपुर।** नलकूप खनन पर जिला प्रशासन द्वारा तीन माह पूर्व लगाई गई रोक हटा ली गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस आशय का आदेश 8 जुलाई को जारी किया है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी एवं जलाभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने गत 7 अप्रैल को जलाभाव क्षेत्र घोषित करते हुए नलकूप खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था। पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत यह प्रतिबंध लगाया गया था। चूंकि जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद लगातार वर्षा हो रही है। वर्तमान में कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल के लिए उपयोग किए जा रहे मोटर पंपों से सिंचाई बंद करने तथा विगत दिनों से बारिश होने के कारण भूजल स्तर में गिरावट परिलक्षित नहीं हुई है। इसलिए नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया है।

चुचुहियापारा अंडरब्रिज



पानी निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी अब तक नहीं निकल पाया है।

### बारिश ने दी थोड़ी राहत अलर्ट बरकरार

**बिलासपुर।** बारिश ने शुक्रवार को थोड़ी राहत दी, इस दौरान महज हल्की-फुल्की बारिश ही दर्ज की गई। वहीं जिले के कुछ ब्लॉकों में आधे-पौन घंटे तक अच्छी बारिश हुई लेकिन शहर में बुंदाबादी की नजर आई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है, वहीं अबतक 349 मिमी बारिश हो चुकी है। जानकारों के अनुसार अगले 5 दिन मानसून कमजोर पड़ सकता है। बारिश थोड़ी थमी रही,इस दौरान महज बुंदाबांदी ही होती रही, जिससे लोगों ने बड़ी राहत के तौर पर देखा, दरअसल पिछले डेढ़ हफ्ते से बारिश जारी है, दोपहर बाद झमाझम बारिश होने से शहर तरबतर हो जाता है और नालो का प्रवाह सड़कों तक फैल जाता है, लेकिन शुक्रवार को इससे राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिन बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री दर्ज किया गया हालांकि चक्रवाती हवाओं की मौजूदगी बनी हुई है और निम्न दबाव के कारण हवाओं का रूख प्रदेश की ओर आ रहा है, जिससे बारिश होने की संभावना बनी हुई है। करबला क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से ढाई बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान दुकानदारों को खासा परेशान होना पड़ा। विभाग ने गोल बाजार और इंदिरा गांधी फीडर के तहत 12 से 2 बजे तक बिजली बंद रखी और इस दौरान रखरखाव संबंधी कार्य किए गए। इस दौरान विद्या नगर, बसस्टैंड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रही।

# स्टेट जीएसटी का 25 से अधिक जगहों पर छापा, 10 करोड़ की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट जीएसटी की टीम ने 25 से अधिक जगहों पर छापा मारा है। टीम ने गुटखा, जूता, कार्पोरेट, कपड़ा एंव ट्रेडिंग फर्मों के बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़ और जगदलपुर में ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान तलाशी में बोगस बिलिंग, कच्चे में लेनदेन और जीएसटी चोरी करने के दस्तावेज मिले। जांच के दौरान लगातार गड़बड़ी मिलने पर उक्त फर्मों के संचालकों पर 10 करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगाई जा रही है। कारोबारी ठिकानों पर मिले खातों, बिलों, स्टॉफ रजिस्टर और अन्य व्यावसायिक रिकॉर्ड को खंगालते हुए लगातार कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया है। अब फाइनल रिपोर्ट तैयार हो रही है।

छापेमारी के दौरान अधिकारियो को बोगस बिलिंग, कच्चे में लेनदेन और जीएसटी चोरी करने के दस्तावेज मिले। जांच के दौरान लगातार गड़बड़ी मिलने पर उक्त फर्मों के संचालकों को नोटिस भी जारी किया गया है। तलाशी के दौरान बिल बुक्स और दूसरे दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जीएसटी इंटेलिजेंस को यह भी जानकारी मिली है कि उक्त फर्मों के डीलरों ने जीएसटी टैक्स जमा नहीं किया है।

जानकारी के आधार पर व्यापार विहार और सिरगिट्टी में पान मसाला और खाद्य सामग्री के दुकानों और गोदामों पर टीम पहुंची। यहां बहुत से काम अवैध रूप से हो रहे थे। दस्तावेजों में गड़बड़ी मिलने के साथ ही निर्धारित स्टॉक से ज्यादा का सामान मिला। वहीं इसकी खरीद-फरोत में कच्चे में काम करने और टैक्स चोरी करने के दस्तावेज मिले।




- गुटखा, जूता, कार्पोरेट, कपड़ा ट्रेडिंग फर्मों के ठिकानों पर ली गई तलाशी
- खातों, बिलों, स्टॉफ रजिस्टर और रिकॉर्ड को खंगाला गया फाइनल रिपोर्ट तैयार

### बोगस इनपुट टैक्स का लाभ लिया गया

अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था। जब मौके पर जांच टीम पहुंची तो, देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया। जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर करोड़ों में है लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान जीरो है। इसके साथ ही जब ई-वे बिल की जांच की गई तो पता चला कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया है, लेकिन बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है।

### ड्रायफ्रूट, जूता दुकान, ट्रांसपोर्टर के यहां दबिश

जीएसटी की टीम ने इसके साथ ही दो थोक ड्रायफ्रूट व्यापारी की दुकान और गोदाम में छापेमारी की। यहां दस्तावेज खंगाले गए। दोनों दुकानों में टैक्स चोरी के साथ ही गड़बड़ी मिली है। टीम ने दोनों दुकानों से दस्तावेज, कंप्यूटर, लैपटॉप और हिसाब-किताब की डायरी जब्त की है। दोनों जगहों पर मिले कम्प्यूटर सिस्टम को भी टीम के सदस्यों ने खंगाला। घंटों चली इस छानबीन में टीम ने बिक्री से जुड़े बिल, वाउचर और डिजिटल डेटा की गहन पड़ताल की है। विभाग को लंबे समय से इन दुकानों में कर चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ट्रांसपोर्टर के ऑफिस में भी छापा मारा गया। यहां भी पूरे दिन टीम ने दस्तावेज, रिटर्न आदि से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।

### बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं होगा

पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है कि बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं हो पाएगा। यही वजह है कि पिछले तिमाही में छत्तीसगढ़ देश के उन टॉप राज्यों में शामिल था, जहां से केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा जीएसटी का कलेक्शन कर दिया गया है। इस बार की तिमाही में भी यह रिकार्ड बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। सभी कारोबारियों से कहा जा रहा है कि वे कोई भी टैक्स लंबित न रखें।

\- टीएल ध्रुव
स्पेशल कमिश्नर, जीएसटी

### राज्यपाल ने जताई नाराजगी, कहा- यूनिवर्सिटी के खिलाफ इतनी शिकायत क्यों

# कुलपति, रजिस्ट्रार का आलीशान दफ्तर देख अचरज में पड़ गए कुलाधिपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका से स्टूडेंट्स और छात्र संगठनों ने जमकर शिकायत की, निरीक्षण के के दौरान राज्यपाल कुलपति व रजिस्ट्रार के आलीशान दफ्तर को देखकर चकित हो गए, उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारा तो

छोटा सा आफिस है, निरीक्षण के बाद उन्होंने विवि के कुलपति, रजिस्ट्रार व अधिकारियों की बैठक में राज्यपाल ने नाराजगी जताते हुए पूछा कि यूनिवर्सिटी के खिलाफ इतनी अधिक शिकायत क्यों की जा रही है।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्यपाल रमेन डेका प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे आज अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी निरीक्षण करने पहुंचे थे। यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंचते ही पहले उन्होंने बाहर खड़े छात्र-छात्राओं, छात्र संगठनों की शिकायत व समस्याएं सुनी, उसके बाद कैंपस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुलपति आफिस एवं रजिस्ट्रार आलीशान दफ्तर देखकर कहा कि इतना बड़ा आलीशान दफ्तर और उसके भीतर भी अलग से केबिन क्यों है, उसका क्या उपयोग है ? राज्यपाल ने तो यहां तक टिप्पणी कर दी कि हमारा तो छोटा सा आफिस है, आकर देखिए। राज्यपाल के मूड को देखते हुए यूनिवर्सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी सकते में रहे। निरीक्षण के बाद राज्यपाल ने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों समेत टीचिंग स्टाफ की मीटिंग भी ली और प्राध्यापकों से काफी चर्चाएं भी की। इस निरीक्षण के दौरान राज्यपाल के अवर सचिव श्रीमती अर्चना पाण्डेय, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी, रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्रों ने लगा दी शिकायतों की झड़ी

राज्यपाल रमेन डेका के अटल यूनिवर्सिटी निरीक्षण में पहुंचने की खबर लगते ही यूटीडी के छात्र-छात्राएं भी अपनी समस्या लेकर प्रशासनिक भवन के सामने एकत्रित हो गए थे। डीपी विप्र कालेज के मामले को लेकर एक दूसरा छात्र गुट वहां पहले से मौजूद था। राज्यपाल श्री डेका यूनिवर्सिटी मेनगेट से जैसे ही भीतर पहुंचे, वहां कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी सहित यूनिवर्सिटी के अधिकारी गुलदस्ता लेकर उनके स्वागत के लिए खड़े थे, किन्तु राज्यपाल गाड़ी से उतरकर पहले विद्यार्थियों की भीड़ के पास मिलने पहुंच गए। राज्यपाल को अपने सामने देख छात्रों ने उनके समक्ष शिकायतों की झड़ी लगा दी। उन्होंने यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, पढ़ाई की खराब स्थिति, वित्तीय शक्तियों का दुरुपयोग, रूसा फंड का दुरुपयोग, खराब निर्माण कार्य आदि अनियमितता संबंधी शिकायत की। राज्यपाल ने विद्यार्थियों की शिकायत सुनने के बाद उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। राज्यपाल से मिलकर शिकायत करने वालों में एलुमनी एसोसिएशन सचिव सूरज राजपूत सहित यूटीडी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



### स्थानीय प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिले

अटल यूनिवर्सिटी में बैठक लेते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी सहित टीचिंग स्टाफ से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम के अनुरूप यूनिवर्सिटी शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि सहायक प्राध्यापकों को समय पर प्रमोशन दिया जाए, ताकि प्रोफेसरों के पद पर दस साल का अनुभव होने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिल सके। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों और छात्रों के बीच बेहतर तालमेल पर बल दिया साथ ही शैक्षणिक वातावरण पर ध्यान देने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने यूनिवर्सिटी विभागाध्यक्षों से अध्ययन प्रभाग में पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए नए कोर्स प्रारंभ करने एवं छात्र संख्या में वृद्धि करने के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। इसी तरह शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के संरचना के अनुरूप अध्ययन, अध्यापन की सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन करने के निर्देश भी दिए।

### पीएम रूसा की टीम ने किया एयू का निरीक्षण

अटल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को पीएम रूसा की टीम भी निरीक्षण करने पहुंची थी। यह टीम दिल्ली से आई थी और यूनिवर्सिटी में रूसा से मिलें फंड के उपयोग की जानकारी ली तथा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अटल यूनिवर्सिटी की कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित जो नया भवन बना है, उसके लिए पीएम रूसा से ही लगभग 20 करोड़ राशि यूनिवर्सिटी को मिली थी। इस राशि से यूनिवर्सिटी की पांच मंजिला भवन बना है जिसमें वर्तमान में यूनिवर्सिटी संचालित हो रहा है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में अभी और भी निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं जिसके लिए यूनिवर्सिटी को फंड की आवश्यकता होगी। इसलिए रूसा की टीम आज दिल्ली से निरीक्षण करने अटल यूनिवर्सिटी पहुंची थी। रूसा की पांच सदस्यीय टीम ने यूनिवर्सिटी के सभी डिपार्टमेंट, भवनों का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी ली है।



### आटोनामस मामले को लेकर कुलपति कक्ष में दिया धरना

# डीपी कालेज के छात्रों ने एयू का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायालय के फैसले के बाद भी डीपी विप्र कालेज को आटोनामस कालेज का दर्जा नहीं दिए जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को आशीर्वाद पैनल के छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी का घेराव किया। छात्रों की भीड़ कुलपति अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी के कक्ष में धरने पर बैठ गई थी। इसी दौरान प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका निरीक्षण में यूनिवर्सिटी पहुंचे तो छात्रों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए उनके समक्ष पूरी बात रखी।

- निरीक्षण पर एयू पहुंचे राज्यपाल को छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन

अटल यूनिवर्सिटी और डीपी विप्र कालेज के बीच आटोनामस का दर्जा को लेकर विवाद चल रहा था। यूजीसी द्वारा कालेज को आटोनामस की मान्यता प्रदान कर दी गई है, किन्तु अटल यूनिवर्सिटी ने अभी तक एनओसी अधिसूचना जारी नहीं की है। इस मामले को लेकर डीपी विप्र कालेज उच्च न्यायालय भी गई थी और उच्च न्यायालय ने यूनिवर्सिटी के आपत्ति को खारिज करते हुए 8 मई 2025 को फैसला दिया था, जिसमें कालेज को 30 दिनों के भीतर स्वायत्त शासी घोषित करने कहा गया था। सिंगल बेंच के इस आदेश को अटल यूनिवर्सिटी ने उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच में अपील की थी। डिवीजन बेंच ने भी यूनिवर्सिटी की अपील खारिज करते हुए डीपी विप्र कालेज को आटोनामस की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच का यह फैसला 30 जून 2025 को आया था, उसके बाद से अभी तक यूनिवर्सिटी ने डीपी कालेज स्वायत्त शासी घोषित करने अधिसूचना जारी नहीं की है। इसलिए डीपी विप्र कालेज के आशीर्वाद पैनल के छात्रों की भीड़ आज यूनिवर्सिटी का घेराव करने पहुंची थी। छात्रों की भीड़ नारेबाजी करते हुए कुलपति कक्ष पहुंच गई और वहां धरने पर बैठ गई। धरना देने वालों में मनीष मिश्रा, समर्थ मिरानी, राहुल समुद्र, अखिलशे साहू, गवेद्र कोसले, विकास विश्वकर्मा, प्रदमन यादव, शुभ उपाध्याय, चंद्रेश बंजारे, निखिल सिंह, हेमराज, नंदनी शर्मा, हेल्सियन कांत, तेजस्विनी, तंजिम बेगम, मीनाक्षी, उर्वशी, सीया, नैना तिवारी आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### छात्रों ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

छात्रों ने कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी से डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा दिए जाने की मांग रखी, जिस पर कुलपति ने एक माह का समय दिए जाने की बात कही, जिससे छात्र नाराज हो उठे काफी देर तक बहसबाजी चलती रही। इसके बाद छात्रों ने आटोनामस की अधिसूचना तीन दिनों के भीतर जारी करने अन्यथा भूख हड़ताल में बैठने की चेतावनी देकर बाहर आए।

### राज्यपाल से की शिकायत

शुक्रवार को यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका पहुंचे। राज्यपाल ने छात्रों की भीड़ देखकर स्वयं उनसे मिलकर उनकी समस्या पूछी, जिस पर छात्रों ने उन्हें अपनी बातों से अवगत कराया। राज्यपाल ने छात्रों से उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतियां मांगी और मौके पर ही उसका अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने मौके पर उपस्थित कलेक्टर संजय अग्रवाल को उचित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए।

### पूरे प्रदेश में संचालित गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच कर रिपोर्ट मांगी

# बिना मान्यता वाले स्कूलों में प्रवेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों में एडमिशन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने यह आदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिका में हस्तक्षेपकर्ता विकास तिवारी की ओर से यह तर्क रखा गया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2013 में लागू विनियम के अनुसार, नर्सरी से केजी-2 तक की कक्षाएं संचालित करने वाले सभी गैर शासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन छात्रों का प्रवेश पहले से हो चुका है, वह निरस्त नहीं किया जाएगा। अदालत ने कहा कि इस आदेश का



- शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा

पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि पहले से दाखिल छात्रों और उनके अभिभावकों को कोई कठिनाई न हो। विभाग को यह निर्देश भी दिया गया कि ऐसे छात्रों की याचिकाओं को स्वीकार की जाए। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। न्यायालय ने शिक्षा सचिव को यह निर्देश भी दिया है कि पूरे प्रदेश में संचालित गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए।

30 जून 2025 को हुई पिछली सुनवाई में न्यायालय ने लोक शिक्षण विभाग के संचालक को व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके पालन में 11 जुलाई 2025 को प्रस्तुत शपथपत्र में विभाग ने कहा कि केवल कक्षा पहली से ऊपर की कक्षाओं के लिए मान्यता जरूरी है, जबकि नर्सरी से केजी-2 तक की शालाओं को मान्यता की आवश्यकता नहीं है।

इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे और मानस वाजपेयी ने शपथपत्र का खंडन करते हुए कहा कि शासन द्वारा 7 जनवरी 2013 को लागू किए गए नियम में स्पष्ट है कि सभी कक्षाएं, चाहे नर्सरी हो या केजी-2, मान्यता के दायरे में आती हैं। शिक्षा विभाग द्वारा दाखिल शपथपत्र में यह भी स्वीकार किया गया कि कई स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं और आवेदन लंबित हैं।

### प्रदेश में हजारों स्कूल मान्यता विहीन

लोक शिक्षण विभाग की ओर से प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, पूरे छत्तीसगढ़ में

| | | |
|---|---|---|
| नर्सरी से केजी-2 तक की शालाएं | : | 72 |
| नर्सरी से प्राथमिक तक की शालाएं | : | 1391 |
| नर्सरी से पूर्व माध्यमिक शालाएं | : | 3114 |
| नर्सरी से उच्चतर माध्यमिक शालाएं | : | 2618 |

इनमें से कई स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं, जो कि कानूनन गलत है।

### पुस्तक खरीदने दबाव बना रहे स्कूल

प्रकरण में आगे सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता सी.वी. भगवंत राव के अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर ने हाईकोर्ट को बताया कि प्राईवेट स्कूल एसोशिएसन अभिभावकों को अत्यधिक मंहगे निजी पब्लिकेशन के पुस्तकों को क्रय करने का दबाव बना रहे है। जिससे अभिभावकों को आर्थिक नुकसान का उठाना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया कि कुछ निजी स्कूल, कोर्ट से मिली अंतरिम राहत का दुरुपयोग करते हुए महंगी निजी पुस्तकों को खरीदने का दबाव अभिभावकों पर बना रहे हैं। कोर्ट ने इस मामले में भी सरकार से जवाब मांगा है।

### आखिर स्कूल संचालित कैसे हो रहे

खंडपीठ ने शिक्षा विभाग के सचिव को अगली सुनवाई से पहले व्यक्तिगत शपथपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट करने का आदेश दिया है कि आखिर 2013 के नियमों के बावजूद बिना मान्यता के स्कूल कैसे संचालित हो रहे हैं? इससे बच्चों के भविष्य को तो नुकसान पहुंच रहा है, साथ ही अभिभावकों पर भी आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। याचिका में यह बात भी सामने आई कि ऐसे कई छात्र है, जिनका प्रवेश निरस्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने इसे गलत माना है।

### 10 साल बाद पकड़ा गया रेलवे संपत्ति चोरी का फरार वारंटी

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 10 साल के बाद रेलवे संपत्ति चोरी के फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है, जो कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शहर से फरार होकर चेन्नई जाकर जीवन यापन कर रहा था। वापस शहर आने के बाद आरपीएफ ने उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। 10 साल पहले वर्ष 2015 बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे संपत्ति की चोरी करते हुए नयापारा सिरगिट्टी निवासी सतीश यादव उर्फ शिव पिता कन्हैयालाल यादव 35 साल को पकड़ा गया था। आरपीएफ ने आरोपी को पकड़ने के बाद आरपीयूपी एक्ट की धारा 3 ए के तहत मामला कायम कर न्यायालय में पेश कर दिया। न्यायालय ने आरोपी ने जेल भेज दिया, लेकिन कुछ दिन बाद वह जमानत में रिहा हो गया था। जमानत में छूटने के बाद उसे न्यायालय में पेशी में जाना था, लेकिन पेशी में जाने के बजाय वह फरार हो गया। सूचना मिली कि आरोपी सतीश यादव चेन्नई में छिपा हुआ है। आरपीएफ की टीम उसके शहर वापसी का इंतजार करने लगी। न्यायालय ने भी आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर तत्काल पकड़ने का आदेश आरपीएफ को दिया। गुरुवार की शाम को सूचना मिली कि आरोपी जांजगीर में आया हुआ है। आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीआर कुर्रे, आरक्षक एससी राजवाड़े ने तत्काल जांजगीर भीमी तालाब के पहुंचकर रेलवे संपत्ति के आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### भूपेंद्र बने आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि



**हरदीबाजार।** डॉ चरणदास महंत व हरिश परसाई की अनुशंसा पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने हरदीबाजार निवासी भूपेंद्र कुमार जायसवाल को हरदीबाजार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विधालय में शाला प्रबंध समिति सदस्य के रुप में प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिसका आशय विद्यालय के प्राचार्य को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

### भाजपा मंडल हरदीबाजार ने किया गुरुओं का सम्मान



**हरदीबाजार।** गुरु पूर्णिमा के अवसर मंडल हरदीबाज़ार में सम्मान समारोह एवं गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। अतिथियों द्वारा उपस्थित शिक्षक जेपी तिवारी, आरके निर्मलकर, गोरेलाल बंधन, सतानंद यादव, पूनम अहीर का तिलक लगाकर श्रीफल एवं शाल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेश टंडन जिला मंत्री भाजपा कोरबा, चुलेश्वर राठौर जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कोरबा, कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष हरदीबाजार, विजय राठौर पूर्व मंडल महामंत्री हरदीबाजार रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, भुवनेश्वर राठौर, चंदर मरकाम मंडल मंत्री, व्यास राठौर कोषाध्यक्ष मंडल हरदीबाज़ार सुश्री अनीता जांगड़े मंडल उपाध्यक्ष, रामेश्वर यादव मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राज ओग़रे मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, चैतराम बघेल, दिनेश बाजपेई, श्रीमती अनुसुइया राठौर, श्रीमती अमृता यादव एवं आभार बजरंग यादव उपाध्यक्ष मंडल हरदीबाज़ार ने किया।

### राशि स्वीकृत होने के बाद भी नहीं बन सका पुल



**चैतमा।** शासन से स्वीकृति मिलने के 6 माह बाद भी जटाशंकरी नाला पुल निर्माण नहीं हो सका है। पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोपालपुर से नवापारा पहुंच मार्ग में जटाशंकरी नाला पड़ता है जिस पर पुल निर्माण हेतु ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया है किंतु आज पर्यंत तक उक्त नल पर पुल निर्माण नहीं हो सका है। उक्त नाला से पार कर नवापारा, डोड़की, सगुना आदि के ग्रामीण का आवागमन करते हैं। इनके अलावा इस नाले को पारकर चैतमा हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी आना जाना करती हैं। किंतु बरसात के दिनों में नाले में भरपूर पानी आ जाने के कारण इस रास्ते से ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं का आवागमन बंद हो जाता है। उन्हें 8 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर राजकमा से चैतमा आने पर मजबूर होना पड़ता है।

### मध्यस्थता राष्ट्र अभियान के संबंध में बैठक



**कोरबा।** न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल, त्वरित व जन-हितैषी बनाने मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के क्रियान्वयन करने के लिए को न केवल एक वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली बल्कि न्याय को सुलभ व प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम माध्यम बनाये जाने हेतु एवं पक्षकारों को संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सके तथा सभी न्यायालय को अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के लिए चिन्हांकित करने, रेफरल प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से लागू करने तथा साथ ही मध्यस्थता निगरानी समिति को समयबद्ध तरीके से प्रतिवेदन भेजने एवं मध्यस्थता राष्ट्र के लिए एक अभियान 1 जुलाई से शुरू किया गया है उसे 7 अक्टूबर तक चलाया जाना है। उक्त अभियान में तालुका न्यायालय, जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय स्तर पर लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किये जाने के लिए 90 दिवसीय समय सीमा निर्धारित किया गया है। इस अभियान को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने 7 जुलाई को बैठक ली।

## निधन

### रामलाल दिवाकर



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा के वर्तमान पार्षद किशोर दिवाकर के पिता व कांग्रेस के पूर्व पार्षद रामलाल दिवाकर का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी और दो बेटा एक पुत्री छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को वार्ड नंबर 3 अंबेडकर नगर के पंप हाउस स्थित मुक्तिधाम में जाएगा।

---

### धातुओं, बिजली, ऊर्जा और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नए निवेश कर बढ़ाएगी कारोबार

# डीमर्जर से कंपनी के हर अलग व्यवसाय में 100 बिलियन डॉलर की बड़ी कंपनी बनने की क्षमता: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वेदांता लिमिटेड की 60वीं वार्षिक आमसभा में कंपनी के विकास के अगले चरण के बारे में बताते हुए, वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कंपनी का आकार दोगुना करने के लिए खास 3डी रणनीति,

**खास बात**

- कंपनी रेअर अर्थ में नये निवेश से बढ़ाएगा कारोबार

डीमर्जर, डायवर्सिफिकेशन और डीलीवरेजिंग की जानकारी दी। डी-मर्जर वेदांता अपनी कुछ इकाइयों को अलग-अलग कंपनियों में बांटेगी।

अनिल अग्रवाल का कहना है



अनिल अग्रवाल।

कि डी मर्जर के बाद इनमें से हर एक बिजनेस में 100 बिलियन डॉलर यासिन लगभग 8 लाख 35 हजार करोड की कंपनी बनने की क्षमता है, इससे इन बिजनेस पर बेहतर ध्यान दिया जा सकेगा और वे तेजी से बढ़ पाएंगे। इस बदलाव की योजना पर विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वेदांता की मजबूत आर्थिक स्थिति, शेयरधारकों को मिला रिकॉर्ड रिटर्न और महत्वपूर्ण खनिजों व ऊर्जा बदलाव में काम आने वाली धातुओं का बढ़ता पोर्टफोलियो, ये सभी भारत के आर्थिक और ऊर्जा से जुड़े लक्ष्यों के साथ जुड़े हुए हैं। डाइवर्सिफिकेशन वेदांता अब सिर्फ अपने मौजूदा कारोबार पर ही ध्यान नहीं देगी, बल्कि नए क्षेत्रों में भी कदम रखेगी. कंपनी की योजना महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ धातुओं (रेअर अर्थ), ऊर्जा बदलाव में काम आने वाली धातुओं, बिजली, ऊर्जा और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नए निवेश करके अपना कारोबार बढ़ाने की है इससे कंपनी की आय के स्त्रोत बढ़ेंगे और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। डी-लीवरेजिंग से कंपनी अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए कर्ज कम करने पर ध्यान देगी,इससे कंपनी को भविष्य के निवेश और विकास के लिए अधिक मजबूती मिलेगी। अग्रवाल ने कहा कि भारत की भूवैज्ञानिक बनावट कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे संसाधन-समृद्ध देशों के समान है, लेकिन भारत में केवल 25 प्रतिशत ही खोजबीन हुई है. उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में तेजी से विकास का यह सही समय है। अनिल अग्रवाल ने भारत में एक विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थान स्थापित करने के अपने जीवन भर के सपने के बारे में बताते हुए कहा कि यह, यह हमारी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहलों का एक और स्तंभ होगा। वेदांता यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड जैसे संस्थानों से प्रेरित एक विश्वस्तरीय संस्थान होगी। यह न केवल भारत में वैश्विक स्तर के अनुसंधान और शिक्षा लाएगी, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नेताओं की अगली पीढ़ी को घर पर ही तैयार करने में भी मदद करेगी। वेदांता का वित्त वर्ष 2024-25 में प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है, कंपनी का राजस्व 1 लाख 50 हजार 725 करोड़ और एबिटा 43 हजार 541 करोड़ रहा। यह निफ्टी 100 में शीर्ष धन-निर्माताओं में से एक बनकर उभरी, जिसने शेयरधारकों को कुल 87 प्रतिशत का रिटर्न दिया। हिन्दुस्तान जिंक़ 12 हजार करोड़ के निवेश से 2.5 लाख टन का एकीकृत स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स स्थापित कर रहा है. ऑयल एंड गैस क्षेत्र में, केयर्न ने सात नए ओएएलपी ब्लॉक प्राप्त किए हैं और इसका लक्ष्य उत्पादन को दोगुना कर प्रति दिन 3 लाख बैरल तक करना है। एल्युमीनियम की क्षमता को 31 लाख टन तक बढ़ाया जा रहा है, साथ ही 30 लाख टन के एक नए ग्रीनफील्ड स्मेल्टर की भी योजना है।

# निगम में बदला पुराना सिस्टम अब एक टेबल कम घूमेगी फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए व्यापक बदलाव लाने की कोशिश जारी रखी है। कड़ी में उन्होंने वाहन शाखा, निर्माण,जल प्रदाय, विद्युत शाखा में नस्ती प्रस्तुतीकरण के सिस्टम में भी बदलाव किया है। काफी पुराने समय से चले आ रहे इस सिस्टम को बदलते हुए उन्होंने एक स्टेप में कमी लाई है। इसके पीछे मंशा है कि फाईलों के निपटान में जिस तरह से देरी हुआ करती थी, अब उसमें से अनावश्यक एक कड़ी को हटा दिया गया है अर्थात फाईलों के घूमने वाले टेबल में से एक टेबल कम कर दिया गया है। विगत दिनों आयुक्त के संज्ञान में यह बात लाते हुए बताया था कि फाईल लटकाने से भुगतान में विलंब होने से कार्य प्रभावित होते हैं और आर्थिक समस्या उत्पन्न होती है। आयुक्त ने इसे काफी गंभीरता से लिया और आज नस्ती प्रस्तुतिकरण के संबंध में आदेश जारी कर दिए। इनमें कुछ विभागों को ही शामिल किया गया है और शेष में यथावत रखे गए हैं।

**हटाए गए वाहन शाखा प्रभारी उरांव**

इसी तरह वाहन शाखा प्रभारी भूषण उरांव को हटा दिया गया है। अब निगम वाहन शाखा का प्रभार आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता सुरेश बरुआ को सौंपा है। बता दें कि नगर निगम के वाहन शाखा प्रभारी पर कई गंभीर आरोप लगने के बाद उन्हें हटाने का आदेश जारी किया गया है। निगम कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार अब वाहन शाखा का प्रभार निगम के अधीक्षण अभियंता सुरेश बरुआ अन्य जिम्मेदारी के साथ संभालेंगे।

# पहाड़ी कोरवाओं को उड़द बीज का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं को खेती के कार्यो से जोड़ने के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार पहाड़ी कोरवा किसानों को निःशुल्क में उड़द बीज का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर के दूरी पर बसे ग्राम दरगा के आश्रित ग्राम सरडीह, खोरीभवना बगधरी डाडं में पहुंच कर जिला पंचायत कोरबा सहकारिता एवं उद्योग समिति के सभापति श्रीमती रेणुका राठिया, सरपंच केराकछार भुनेश्वरी राठिया, पंच श्रीमती एन्ना बेक, जनपद सदस्य श्रीमती फलमती समय लाल राठिया, पहाड़ी कोरवा का सचिन जीवन राम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीएस मरकाम, ग्रा.कृ.वि. अधिकारी पीएल मिरेंद्र उपस्थिति में 36 पहाड़ी कोरवा किसानों को उड़द बीज निःशुल्क में वितरण किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री मरकाम ने किसानों को कहा कि शासन की योजना अनुसार दलहन तिलहन फसल



पहाड़ी कोरवाओं को बीज का वितरण करते हुए।

लेने पर कृषकों को कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को आदान सामग्री के लिए आर्थिक मदद सरकार दे रही है। क्षेत्रीय कृषि अधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में उपस्थित कृषकों को जानकारी दी एवं आवेदन फॉर्म भरे गए। पहाड़ी कोरबा भारत सिंह ने बताया कि वर्तमान में उनके पास बीज नहीं होने एवं बाजार में महंगे दर पर बीज मिलने के कारण अपने खेती के भूमि पर फसल नहीं उगा पाते थे, लेकिन आज बीज मिलने से उनके मन में खुशी की लहर दौड़ आई और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किये।

# गेवरा खदान व्यू पॉइंट पर भूस्खलन आपदा से निपटने मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

10 जुलाई समय 4 बजे एसईसीएल गेवरा खदान के व्यू पॉइंट पर सीआईएसएफ द्वारा एसईसीएल और विभिन्न रेस्क्यू एजेंसियों के साथ मेगा मॉक ड्रिल का संयुक्त अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा प्रबंधन क्षमता को परखना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना रहा।

**खास बात**

- आपदा प्रबंधन के क्षमता को परखने और एजेंसियों के बीच किया गया समन्वय स्थापित

गेवरा खदान के व्यू पॉइंट पर भूस्खलन की घटना में पांच वर्कर्स के घायल होने की स्थिति में तत्काल राहत और बचाव कार्य। इस परिकल्पित आपदा स्थिति में सीआईएसएफ समेत सभी रेस्क्यू एजेंसियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और राहत कार्यों का प्रभावी प्रदर्शन किया। इस संयुक्त अभ्यास में सीआईएसएफ के अतिरिक्त एसईसीएल प्रबंधन की रेस्क्यू टीम



मॉकड्रिल करते हुए।

एवं फायर विंग, एसडीआरएफ, आपदा मित्र, जिला कोरबा फायर विंग, दीपका थाना बल, एनसीसी कैडेट्स, सीआईएसएफ एनटीपीसी कोरबा फायर विंग एवं एनसीएच हॉस्पिटल की टीमों ने भाग लिया। सभी एजेंसियों ने तालमेल के साथ कार्य करते हुए मौके पर घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने और परिवहन की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से अंजाम दिया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट नागेंद्र कुमार झा, महाप्रबंधक गेवरा अरुण कुमार त्यागी, महाप्रबंधक रेस्क्यू एसईसीएल मनोज विश्नोई, महाप्रबंधक परियोजना आर.बी. सिंधूर एवं सीआईएसएफ और एसईसीएल प्रबंधन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। महाप्रबंधक गेवरा अरुण कुमार त्यागी ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागी एजेंसियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से आपातकालीन स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित होती है और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मॉक ड्रिल से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई।

# रजगामार स्कूल में प्रवेश उत्सव




बच्चों को पाठ्य सामाग्री का वितरण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में मंगलवार को प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी के संयुक्त तत्वाधान में शाला प्रवेश उत्सव मुख्य अतिथि जिला पंचयात सदस्य श्रीमती सुस्मिता अनंत के प्रतिनिधि कमलेश अनंत, कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीश्रीवास अध्यक्ष एसएमडीसी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती उषा देवी कुर्रे, जनपद सदस्य रजगामार, हरि सिंह राठिया सरपंच ग्राम पंचायत रजगामार, श्रीमती पूनम कौशल चौरसिया, उप सरपंच रजगामार, चंद्र प्रकाश अग्रवाल संचालक अग्रसेन गुरुकुल रजगामार, दिनेश कुर्रे, कौशल चौरसिया, जगदीश डड़सेना समाज सेवी, श्रीमती जया लहरे समाज सेविका, श्रीमती भुनेश्वरी राठिया सरपंच ग्राम केराकछार, इंद्रजीत राठिया सरपंच ग्राम गोडमा, श्रीमती रूमीला राठिया सरपंच ग्राम पतरापाली के आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव में श्रीमती स्वाति सक्सेना, श्रीमती प्रभा सिंह, श्रीमती अहिल्या साहू, श्रीमती एम.धनलक्ष्मी, श्रीमती नेहा चंद्रा, श्रीमती प्रमिला केशरवानी, दसरथ राम कुर्रे, नीलम रात्रे, हीरादास रात्रे, रोहित साहू, चंद्रभूषण डनसेना, रामनारायण डड़सेना, शिव प्रसाद कौशिक, सेवन लाल साहू, श्रीमती कृष्णा गौतम, श्रीमती अनिता मिंज, श्रीमती अंजु तिर्की, दीपक राठौर, रवि कँवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### एकलव्य विद्यालय छुरी में शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छुरीकला में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन आज सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास) श्रीकांत कसेर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की अराधना के साथ विद्यालय में जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए बनाए गए वाल ऑफ़ ट्राइबल हीरोज के अनावरण के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ.असद अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यालय राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों एवं जिलाधिकारी तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के मार्गदर्शन में नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

# अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ का चुनाव आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद अक्षय कुमार दुबे 120 वोट में से 111 वोट प्राप्त करके पुनः जिला अध्यक्ष के पद को हासिल किया।

सचिव पद पर संदीप केसरवानी 96 वोट प्राप्त कर जिला सचिव की पदभार ग्रहण किया और कोषाध्यक्ष के रूप में धरम तिवारी निर्विरोध चयन हुए टोटल 75 स्कूलों ने पार्टिसिपेंट किया और उन्होंने अपना मताअधिकार का प्रयोग कर 120 वोट डालें। इनमें से सचिव पद के लिए शिव शंकर जायसवाल को 12



और राधे श्याम मनहर को 12 वोट मिले और संदीप केसरवानी को सचिव पद के लिए 96 मत प्राप्त हुए। इसी कड़ी में अध्यक्ष के लिए 120 वोट पड़े जिसमें 9 वोट भौनेंद्र डहरवाल को प्राप्त हुए और 111 वोट अक्षय कुमार दुबे प्राप्त कर अपना जिला अध्यक्ष के पद पर पुनः काबिज हुए। चुनाव अधिकारी एसआर अमित नोडल अधिकारी रामनारायण जायसवाल पूरे ही पारदर्शिता के साथ चुनाव को संपन्न कराया। जिले की कमान अक्षय दुबे संदीप केसरवानी और धरमलाल तिवारी को अशासकीय विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी सौपी गई।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कोसाबाड़ी मंडल का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कोसाबाड़ी मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिला कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी रहे। इस अवसर पर सामाजिक, धार्मिक, खेल और योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गुरुजनों का शॉल, श्रीफल और गमछा भेंट कर अभिनंदन किया गया। समारोह में सम्मानित गुरुजनों में प्रमुख रूप से योग शिक्षिका जया मिश्रा, उपाध्याय महाराज, डॉ.संतोष दास, ज्योतिषाचार्य मुरली वैष्णव, पुरोहित दिनेश महाराज, साकेत महाराज, कुसुम महाराज, लीलाधर पटेल, संत कुमार यादव, चंद्र कुमार, पुरुषोत्तम कर्ष, शैलेंद्र शर्मा, अशोक महाराज, सागर मानिकपुरी, कुमारी अश्वनी साहू (मार्शल आर्ट), गगन मानिकपुरी शामिल रहे। मंडल अध्यक्ष डॉ.



गुरूजनों का सम्मान करते हुए।

राजेश राठौर ने कहा कि एक शिक्षित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है। समारोह में वरिष्ठ नेता दीप नारायण सोनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, मंडल महामंत्री पुनिराम साहू, मिलाप राम बरेठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, पूर्व मंडल महामंत्री अजय विश्वकर्मा, पार्षद सुमन सोनी, दिनेश वैष्णव, लक्ष्मण श्रीवास, पवन सिन्हा, प्रताप सिंह कंवर, अजय चंद्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# योग शिक्षक संजय का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग शिक्षक संजय कुर्मवंशी एवं विनोद गुप्ता का सम्मान किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर योग शिक्षक संजय कुर्मवंशी एवं विनोद गुप्ता का साल व श्रीफल से सम्मान भाजपा मण्डल दर्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजय कुर्मवंशी को उनके योग के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों के लिए शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें गुरुओं की महिमा और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, महामंत्री अंजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष होमलाल भारिया, कोषध्यक्ष मनोज वर्मा, पार्षद अजय चंद्रा उपस्थित रहे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी

आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### कुसमुंडा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर शुक्रवार को युवा कांग्रेस बांकीमोंगरा द्वारा एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन व थाना प्रभारी कुसमुंडा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कुसमुंडा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जितने भी बस एवं अन्य वाहन संचालित हैं उन सभी वाहनों के चालकों की अल्कोहल की नियमित जांच कराई जाए। मांस मछली दुकानों का संचालन कुसमुंडा क्षेत्र के गायत्री मंदिर के चौक के पास किया जा रहा है उन सभी दुकानों को आदर्श नगर साप्ताहिक बाजार में स्थाई रूप से स्थानांतरण करने की कृपा करें। अन्य सब्जियों की दुकानों का संचालन कुसमुंडा क्षेत्र के गायत्री मंदिर के चौक के पास किया जा रहा है,जिससे आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उन सभी दुकानों को आदर्श नगर साप्ताहिक बाजार में स्थाई रूप से स्थानांतरण करनेकी कृपा करें। सड़क के किनारे सूखे बड़े पेड़ को हटाकर सुरक्षित किया जाए। पानी की निकासी की व्यवस्था को सुधार किया जाए। युवाओं का कहना है कि उन्हें आशा है कि पुलिस और प्रबंधन उनकी उक्त जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे और इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया जाता है तो वे आने वाले समय में आनोदलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जयंत चंद्रा, अंकुर देवांगन, कुणाल आजाद, धनंजय दीवान, भुवेश, नीरज बंजारे, धीरेश आदि शामिल रहे।

### भाजपा उरगा मण्डल ने मनाया गुरुपूर्णिमा पर्व




**भैसमा।** भाजपा उरगा मण्डल द्वारा श्रीगुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस पावन अवसर पर सामुदायिक भवन सेमीपाली में पूर्व विधायक ननकी राम कंवर के मुख्य आतिथ्य में धार्मिक संस्था प्रमुख, मठ मन्दिर प्रमुख व उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष किशन साव ने सनातन संस्कृति में गुरु शिष्य परम्परा का महत्व, महर्षि वेदव्यास और कृष्णणं वन्दे जगद्गुरु का भावार्थ बताते हुए श्रीकृष्ण को संसार का गुरु बताते हुए उनके द्वारा दिया गया गीता ज्ञान को चराचर जगत के लिए जीवन जीने की शैली बताया। कार्यक्रम को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ संजय वैष्णव, ब्रम्हकुमारी गीतेश्वरी, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर ने संबोधित किया। इस दौरान प्राचार्य आरवी डहरिया, व्याख्या एलआर कर्ष, शिक्षक भवानी पटेल, राजेन्द्र कंवर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गणेशी, महावीर राजपूत, डॉ संजय वैष्णव, ओम साहू, जनार्दन कंवर, हरीश साहू, गोवर्धन पटेल, श्रवण पाटले, बसंती पटेल, यशोदा खैरवार, विजय पटेल, रामनिरंजन जायसवाल, चुन्नीलाल पाटील, दिलीप कौशिक, राजेश सक्सेना, भुवनेश्वरी कंवर, रामावतार चंद्रा, देवनारायण साहू, शोभाराम कश्यप, तामेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन का दिया संदेश

**हरदीबाजार।** पौधा लगाने से जहां हरियाली रहती है, वहीं ताजी हवा व गर्मी में छांव देती है व फल वृक्षारोपण कर लोगों से अपील भी कि गई कि अपने आस-पास खाली पड़े हिस्से में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा करें, पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में हम सभी की भागीदारी जरूरी है। भाटापारा समरसता भवन के खाले हिस्से में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल टंडन, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय,जगदीश अग्रवाल, अनुसुइया राठौर,विनय जायसवाल सहित अन्य ने पौधारोपण किया।

## वर्ष 2024 से एक प्रतिशत ज्यादा हुआ वाटर लेवल

# गर्मी में बांगो के सूखने लगे थे कंठ, 15 दिन में ही आधे के करीब पहुंच गया बांध

### हाईडल प्लांट को ढाई घंटे ही किया जा रहा है संचालित



बांगो बांध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध में इस बार गर्मी के दिनों में बिल्कुल भी पानी नहीं था। पानी का लेवल लगभग 25 फ़ीसदी जा पहुंचा था इससे जल संसाधन विभाग को चिंता सता रही थी लेकिन इस बार जजमेंट इलाके में बारिश अभी तक इतनी अच्छी हुई है कि बांगो बांध लगभग आधे की करीब पहुंच गया है जिससे जल संसाधन विभाग के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है और इसी तरह बारिश होती रही तो निसंदेह जुलाई के महीने में ही बांध लबालब होने की उम्मीद जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध की कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने गर्मी के दिनों में किसानों को रबी फसल की और निस्तारी के लिए पानी दिया था। जिसके चलते इस बार बांध का वाटर लेवल लगभग 25 फ़ीसदी तक जा पहुंचा था लेकिन पिछले 15 दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश से बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बताया जाता है कि वर्ष 2024 की तुलना करें तो इस साल अभी तक बांगो बांध का जलस्तर लगभग एक फ़ीसदी ज़्यादा है जबकि वाटर लेवल बहुत कम था। इसके बाद भी वाटर लेवल बढ़ने से निःसंदेह बारिश बहुत अच्छी हुई है। जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में 11 जुलाई को बांगो बांध का जलस्तर 348.61 मीटर था जो कुल जलभराव का 45 फ़ीसदी पानी है जबकि आज की स्थिति में बांगो बांध में 349.9 मीटर पानी भरा है जो कुल जलभराव का 46 फीसदी पानी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मानें तो एक-दो दिनों में बांगो बांध लगभग आधे के करीब पहुंच जाएगा।

### केचमेंट इलाके में झमाझम हो रही बारिश

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध बनाया गया है। जिसका पानी ज्यादातर जांजगीर चांपा सक्ती और रायगढ़ जिले के किसान करते हैं। इसके अलावा कोरबा सहित आसपास के पड़ोसी जिले के संयंत्रों को भी पानी आपूर्ति की जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का केचमेंट इलाका आसपास का पूरा पड़ोसी जिला है। जिसमें कोरिया, सूरजपुर सहित आसपास का पूरा इलाका आता है। इस इलाके में ही बारिश होने में बहुत तेजी से वाटर लेवल बढ़ता है। यही वजह है कि पिछले 10 दिनों से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हो रही है और बांगो बांध का जलस्तर लगातार बढ़ते ही जा रहा है।

### हाइडल को मात्र 2 घंटे ही किया जा रहा है संचालित

बांगो बांध का वाटर लेवल लगातार बढ़ते ही जा रहा है। जिसका वाटर लेवल लगभग 50 फ़ीसदी तक के करीब जा पहुंचा है लेकिन इसके बाद भी अभी तक हाइडल प्लांट की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अभी भी मौजूदा स्थिति में हाइडल प्लांट को मात्र 2 घंटे ही संचालित किया जा रहा है। जिससे 250 क्यूसेक पानी संयंत्रों के लिए ही आपूर्ति की जा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बांध का वाटर लेवल 50 फीसदी के ऊपर आने के बाद ही हाइडल प्लांट की कुछ रफ्तार बढ़ाई जा सकती है।

# एक दिन की हड़ताल से 22 फीसदी गिरा कोयला उत्पादन



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

9 जुलाई को हुई देशव्यापी कामबंद हड़ताल का कोल सेक्टर में खासा असर पड़ा है। 8 जुलाई और 9 जुलाई के उत्पादन के अधिकारिक आंकड़े पर गौर करें तो हड़ताल के दिन कोल इंडिया लिमिटेड ने 10 लाख 93 हजार 410 टन कोयला उत्पादन दर्ज किया। हड़ताल के एक दिन पूर्व यानी 8 जुलाई को सीआईएल का कोयला उत्पादन 14 लाख 8 हजार 280 टन हुआ था। 8 जुलाई की तुलना में 9 जुलाई को उत्पादन में 22.36 फीसदी की कमी आई। उत्पादन के लिहाज से हड़ताल का सबसे अधिक प्रभाव बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल, डब्ल्यूसीएल में पड़ा है। हड़ताल की वजह से सीआईएल का कोल डिस्पैच भी प्रभावित हुआ है। 9 जुलाई को हड़ताल के दिन 12 लाख 76 हजार 830 टन कोयला प्रेषण हुआ। 8 जुलाई को यह आंकड़ा 15 लाख 76 हजार 160 टन था। 8 तारीख के मुकाबले 9 जुलाई को कोल डिस्पैच में 19 फीसदी की गिरावट आई। 9 जुलाई को कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में हुए कोयला उत्पादन पर गौर करें तो बीसीसीएल 81,120 (8/7) की जगह 37,710 (9/7), सीसीएल 1,49,390 (8/7) की जगह 63,480 (9/7), ईसीएल 87,300 (8/7) की जगह 42,680 (9/7), एमसीएल 4,60,070 (8/7) की जगह 4,48,550 (9/7), एनसीएल 3,66,050 (8/7) की जगह 2,46,940 (9/7), एसईसीएल 2,47,830 (8/7) की जगह 2,44,710 (9/7), डब्ल्यूसीएल 16,520 (8/7) की जगह 9,340 (9/7), सीआईएल 14,08,280 (8/7) की जगह 10,93,410 (9/7) किया गया है।

**खास बात**

- एसईसीएल में 2 लाख 47 हजार की जगह 2 लाख 44 हजार 710 कोयला उत्पादन

# राज्यपाल आज लेंगे जिला और ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका शुक्रवार देरशाम कोरबा पहुंचे, शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारियों की बैठक लेने के साथ अकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में भी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्र सरकार की अकांक्षी ब्लॉक में चलाई जा रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका बीते चार माह के दौरान दूसरी बार कोरबा प्रवास पर आ रहे हैं। इसके पूर्व अप्रैल माह में उन्होंने अपने कोरबा प्रवास के दौरान पर्यटन केंद्र बुका का अवलोकन करने के साथ क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं के संबंध में बाते कहीं थी और कलेक्ट्रेट में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करने के साथ कोरबा ब्लॉक के करुमौहा ग्राम पंचायत का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात करने के साथ पीएम आवास के हितग्राहियों से भी चर्चा की थी। दूसरी बार प्रवास पर आ रहे राज्यपाल रमेन डेका शनिवार को कलेक्ट्रेट में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के दौरान पौधरोपण करने के साथ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्रीय योजनाओं की जानकारी लेते हुए समीक्षा करेंगे। इसके अलावा महामहिम राज्यपाल श्री डेका जिले के सबसे बड़े विकासखंड और अकांक्षी ब्लॉक में शामिल पोड़ीउपरोड़ा विकाखंड में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक लेंगे और विकासखंड के ग्रामीण अंचल में अकांक्षी ब्लॉक के तहत चल रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे इस दौरान वह स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा भी करेंगे।

**खास बातें**

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान करेंगे पौधरोपण
- प्रशासन ने बैठक को लेकर तैयारियां की पूरी



राज्यपाल का स्वागत करते कलेक्टर एवं अन्य।

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ने राज्यपाल का किया स्वागत

महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका एनटीपीसी गेस्ट हाउस कावेरी भवन कोरबा पहुँचे। यहां कलेक्टर अजीत वसंत ने उनका स्वागत किया। इस दौरान डीएफओ निशांत कुमार, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, निगमायुक्त आशुतोष पांडेय आदि ने भी स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, एडिशनल एसपी एनटीपीसी के अधिकारी, एसडीएम कटघोरा आदि उपस्थित थे। महामहिम राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर कोरबा में रहेंगे।

### पहली बार ब्लॉक में होगी बैठक

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में शनिवार को होने जा रही महामहिम राज्यपाल की बैठक पहली बैठक होगी जब किसी राज्यपाल जैसे शीर्ष व्यक्ति के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक ली जा रही है। इससे पूर्व जो भी बैठकें महामहिम राज्यपाल जैसे शीर्ष व्यक्ति द्वारा ली गई है वह सभी जिला मुख्यालय में ली गई है। ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों की बैठक लेने से ब्लॉक के छोटे अधिकारी सख्ते में है कि महामहिम राज्यपाल किस योजना के संबंध में क्या सवाल पूछ बैठे।

# एसईसीएल हॉस्पिटल प्रबंधन के रवैये को लेकर विपक्षी पार्षदों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल बांकीमोंगरा हॉस्पिटल प्रबंधन की मनमानी व लापरवाही पूर्वक कचरा गाड़ी में शव ढोने के मामले में बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के नेतृत्व में अस्पताल प्रबंधन को बेशर्म फुल का गुलदस्ता भेंट किया गया।

**खास बात**

- ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की रखी मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

इस दौरान प्राइवेट मरीजों के लिये एम्बुलेंस की सुविधा देने, उचित इलाज प्रदान करने एव दवाई ख़रीदी में कमीशनखोरी बंद करने की माँग को लेकर सीएमएचओ एसईसीएल बाँकी मोंगरा को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की गई। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास ने कहा कि बांकीमोंगरा क्षेत्र से एसईसीएल ने करोड़ों का राजस्व प्राप्त किया और आज जब खदाने बंद होने लगी तो अपने जिम्मेदारियों से पीछे हट रहा है ना तो प्रशिक्षित कर्मचारी है और न ही दवाई और तो और आपातकाल में कोई मरीज को एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ने पर बहाना बनाया जाता। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी एसईसीएल में कार्य करते करते पति कि मृत्यु हो गई। आख़िरी समय में कचरे के गाड़ी में मृत शरीर को ले जाना पड़ा इस हरकत के लिए तो जीतनी निंदा की जाये कम है। आपसे हम मांग करते है की मामले को संज्ञान में लेकर तत्कालीन समय में उपस्थित कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही किया जाये। पार्षद हेमंत शहानी, संदीप दहरिया,तालिका साहू, बंशी कुमार सांसद प्रतिनिधि प्रदीप अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शब्बीर खान ने संयुक्तरूप से कहा कि बांकीमोंगरा हॉस्पिटल प्रबंधन अपने मनमानी पर उतारू है। आमजनों को सही तरीके से ध्यान नहीं दिया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस भी नहीं दिया जाता है। आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए एसईसीएल प्रबंधन सभी का ध्यान रखते हुए कार्य करें। इस दौरान लालू साहू, सागर कुमार, नंदलाल कुमार, संदीप कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद करके, उपाध्यक्ष आदिल खान, बबलू मारवा, नानूकर्ष, मनोज साहू, दिगंबर दास, गौतम कुमार, टोनू महाराज, समीरकुमार, आदित्य राठौर, संदीपकुमार, डब्ल्यूसाहू, आयुष यादव, अंशकुमार, लक्ष्मीपटेल, सागरकुमार, रोहितराज, साहिलकुर्रे, सबीर अंसारी और अनेक कांग्रेसी आमनागरिक उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते पार्गद एवं अन्य।

# 2 दंतैल दिखे, बढ़ाई गई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 2 दंतैल की सक्रिय है। इस आधार पर आसपास के इलाके में निगरानी बढ़ाई गई है और लोगों को सतर्क किया गया है। कुदमुरा रेंज के एक इलाके में इन हाथियों को देखा गया। वे सामान्य हाथियों के मुकाबले आक्रामक होते हैं और उनके हमले के परिणाम भी काफी खतरनाक होते हैं। बताया गया कि जिस क्षेत्र में जंगली जानवर को देखा गया है उसके आसपास के विभिन्न ग्रामों में संबंधित माध्यम से लोगों को सूचित किया गया है। उन्हें पूरी सतर्कता बरतने और जंगल से दूरी बनाने को कहा गया है। करतला पुलिस को भी जंगली जानवरों की एक्टिविटी के बारे में खबर है और वह भी अपने सूचना तंत्र के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करने में लगी हुई है। पुलिस ने माना कि जंगली जानवरों की हरकतों से जो घटनाएं होती हैं उसके कारण सभी प्रभावित क्षेत्रों में चुनौतियां बढ़ती हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किया गया आयोजन

# गुरु पूर्णिमा पर मां सर्वमंगला घाट पर की गई हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन 10 जुलाई को सायं 5 बजे से किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों के लिये यथोचित व्यवस्था की गयी थी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा बताया गया कि समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित की जायेगी, इसी क्रम में आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर 10 जुलाई 2025 को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा में नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव आरती की गयी। आरती में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी मुख्य यजमान के रूप में सहभागी हुए और विशिष्ट यजमान, परशुराम ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता बृजेश कुमार शुक्ला, राजपूत क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह ठाकुर, झेरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष रिखी राम यादव व कनौजिया राठौर समाज के जिलाध्यक्ष सीताराम राठौर सहभागी हुए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहभागी हुए।



हसदेव आरती करते हुए।

### हसदेव सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

इस दौरान नमामि हसदेव सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक श्रेष्ठ सिह ठाकुर, अध्यक्ष चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, उपाध्यक्ष नरेश कुमार अरोरा, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार पारासर, उपाध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, सचिव यशवंत कुमार मिश्रा, सयुक्त सचिव सुखविन्दर सिंह धंजल, संयुक्त सचिव कीर्ति कुमार अग्रवाल, सयुक्त सचिव विजय कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष शिवम पाण्डेय, आचार्य प्रमुख पं.रविशंकर मिश्रा, आचार्य सह प्रमुख पं. मोहनधर दीवान, पर्यावरण प्रमुख प्रकाश सिंह चाहल, स्वच्छता प्रमुख संजय पाण्डेय, आरोग्य जनजागरण प्रमुख डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, हनुमान चालीसा पाठ प्रमुख अखिलेश भारती, हनुमान चालीसा पाठ सह प्रमुख मनीष मैत्री बनें।

